करियाझर में सांसद-विधायक ने किया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

गुढ़, 6 जुलाई, ग्राम वन समिति ईटार पहाड़ के तत्वावधान में करियाझर के चरहई टोला में वन विभाग के अधिकारियों की देखरेख में मुनगा के पौधों का बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीवा संसदीय क्षेत्र के सांसद जनार्दन मिश्रा तथा गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेन्द्र सिंह रहे. विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला मंत्री बाबूलाल यादव उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता ने की. कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था ग्राम वन समिति ईटार पहाड़ के अध्यक्ष डॉ. ज्ञानेश्वर द्विवेदी ने की. इस अवसर पर अतिथियों ने पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा भी आवश्यक है. उन्होंने सभी से लगाए गए पौधों को संरक्षित रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वन समिति के अध्यक्ष डॉ.

ज्ञानेश्वर द्विवेदी, रूबी पटेल, सरपंच विनय जायसवाल, अनिल सिंह गहरवार, बृजभान पटेल, लालमणि त्रिपाठी, चेतमणि अग्निहोत्री, रहीश अग्निहोत्री, प्रदीप अग्निहोत्री, डिप्टी रेंजर विनय दुबे, आशुतोष पाण्डेय, सचिव रमेश तिवारी, ज्योति मिश्रा, कपूरचंद्र जायसवाल, संजय जायसवाल, सुआदीन जायसवाल, शिवलाल सिंह, अमर बहादुर सिंह, रामचरण सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे.

गौ सेवा के नाम पर लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद गौवंश की हो रही है दुर्दशा

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही गौशाला, शासन से मिलता है अनुदान

नवभारत न्यूज

चाकघाट, 6 जुलाई, मध्य प्रदेश की संवेदन शील सरकार गोवंश की सुरक्षा और संरक्षण के लिए जहां गांवों में गौशाला के माध्यम से आवारा गोवंश की सुरक्षा एवं भोजन का प्रबंध कर रही है वहीं त्योंथर क्षेत्र के अनेक गौशाला व्यवस्था लापरवाही एवं भ्रष्टाचार की भेट चढ़ती जा रही है.

गौशाला में गोवंश के लिए 40 प्रतिदिन प्रति गोवंश की दर से शासन अनुदान राशि देती है. किंतु गोवंश व्यवस्था की मामले में क्षेत्र की गौशालाएं अपने उद्देश्य से विमुख होती जा रही है. इसमें लगे लोग गांव वंश के नाम पर सरकारी धन का बंदरबांट कर रहे हैं और गवंश

अपनी जगह पीड़ित प्रताड़ित दिख रही है. त्योंथर जनपद के ग्राम पंचायत फरहदी के गौशाला परिसर में एक भी गोवंश नजर नहीं आ रहे हैं. गौशाला के निर्माण में मापदंडों का ध्यान में नहीं रखा गया जिसके कारण यहां भी समुचित व्यवस्था नहीं हो पा रही है. आरोप है कि पेयजल सेट में भारी गंदगी के अंबार और कीट जमा हुआ है. उसमें ईंट पत्थर का ढेर और मालबा भरा हुआ है. जबकि गौशाला परिसर में भूसा खान-पान के लिए बनाया गया सेड भी टूटा-फूटा है गेट भी टूटा है. यहां के ग्राम पंचायत सरपंच राजीव मिश्रा का कहना है कि गौशाला को वर्तमान में पंचायत ही संचालित कर रही है. गौशाला का में गेट कमजोर होने की वजह से गेट टूट गया इसलिए कई दिनों से मवेशी बाहर भाग जाते है. व्यवस्था को देखते हुए पिछले कुछ दिनों से गौवंशों को पूरी तरह से मुक्त कर दिया गया है. सरपंच द्वारा यह भी कहा गया कि जैसे ही गेट इत्यादि की मरम्मत हो जाएगी गोवंश ला लिए जाएंगे. यही भर नहीं क्षेत्र में संचालित कई गौशालाओं की हालत जर्जर है. सरपंच सचिव के लिए गौशाला निजी आय के स्त्रोत बन गए हैं. जिसमें ऊपर तक के अधिकारियों का कहीं न कहीं हिस्सा रहता है. इस क्षेत्र में गौशाला के नाम पर एक दर्जन से अधिक गौशाला केंद्र वर्तमान में संचालित है. जिसमें कांकर ग्राम पंचायत का गौशाला रास्ता के अभाव में बंद पड़ा है. ग्राम सतपुरा एवं चंद्रपुर का संचालक एनजीओ द्वारा किया जा रहा है. सनौरी, बरेठी एवं बाजार का गौशाला समूह द्वारा संचालित हो रहा है. ग्राम पंचायत फरहदी, बरुआ, शंकरपुर महेवा, सोहागी, बरहट आदि की गौशालाओं को ग्राम पंचायत द्वारा संचालित किया जा रहा है. शासन द्वारा इन गौशालाओं के लिए प्रति गोवंश के लिए 40 प्रतिदिन की दर से दिया जाता है. इस तरह इस क्षेत्र में संचालित अनेक गौशालाओं में निर्धारित पशुओं की संख्या जहां 100 से 150 के बीच होनी चाहिए वहां वास्तविकता में पशुओं की संख्या बहुत कम रहती है, और कागजों में उनकी संख्या ज्यादा दर्शायी जाती है. पशु चिकित्सा अधिकारी भी इन गौशालाओं का समय-समय पर निरीक्षण करते हैं और उसकी रिपोर्ट शासन को भेजते हैं इसके आधार पर उन्हें राशि का आवंटन मिलता है.

उप मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया शोक

नवभारत न्यूज

रीवा, 6 जुलाई, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पद्म विभूषण से सम्मानित प्रख्यात पंडवानी गायिका तीजन बाई जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है.

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि तीजन बाई जी का निधन लोककला एवं सांस्कृतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है. अपनी विलक्षण प्रतिभा, कठोर साधना और समर्पण के माध्यम से उन्होंने पंडवानी गायन को देश ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाई. उनका योगदान भारतीय लोक-संस्कृति और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को सदैव समृद्ध करता रहेगा. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें.

सड़क पर कबाड़ रखे जाने से बसों का आवागमन बाधित

नवभारत न्यूज

गुढ़, 6 जुलाई, नगर परिषद गुढ़ के वार्ड क्रमांक 8 स्थित बसुरहही मोहल्ले में सड़क पर कबाड़ रखे जाने से आम लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

मोहल्ले के मकान क्रमांक 75 के सामने सड़क पर लंबे समय से कबाड़ पड़ा हुआ है, जिससे बसों सहित अन्य बड़े वाहनों का आवागमन बाधित हो रहा है. स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि इस समस्या की जानकारी कई बार नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों को दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. सड़क पर कबाड़ जमा होने के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है और दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है. रहवासियों का कहना है कि बसों को निकलने में कठिनाई होती है, जिससे यात्रियों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है. लोगों ने नगर परिषद से जल्द से जल्द सड़क से कबाड़ हटवाकर आवागमन सुचारु कराने की मांग की है. क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे.

नगर परिषद की सख्ती पर उठे सवाल, खरीदे गए लाखों के डस्टबिन कहां गए

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 6 जुलाई, नगर परिषद मऊगंज ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से व्यापारियों के बीच जागरूकता रैली निकालकर सख्त निर्देश जारी किए हैं.

परिषद ने सभी दुकानदारों से अपनी-अपनी दुकानों के सामने अनिवार्य रूप से दो डस्टबिन रखने को कहा है. डस्टबिन में सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग रखने के निर्देश दिए गए हैं. साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि कोई दुकानदार सड़क या सार्वजनिक स्थान पर कचरा फेंकता हुआ पाया गया और दुकान पर डस्टबिन नहीं मिला, तो उसके विरुद्ध 5000 तक का जुर्माना लगाया जाएगा. नगर परिषद के इस अभियान का उद्देश्य शहर में स्वच्छता बनाए रखना बताया जा रहा है, लेकिन इस कार्रवाई के बीच कई गंभीर सवाल भी सामने आने लगे हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा पूर्व में लाखों रुपये खर्च कर बड़ी संख्या में डस्टबिन खरीदे गए थे. अब सवाल यह उठ रहा है कि वे डस्टबिन आखिर कहां हैं? यदि उनकी खरीदी हुई थी तो उनका वितरण किसे किया गया और वर्तमान में वे किस स्थिति में हैं? नागरिकों का कहना है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि डस्टबिन खरीदी में किसी प्रकार की अनियमितता या वित्तीय गड़बड़ी तो नहीं हुई. रैली के दौरान नगर परिषद ने ठेला एवं फेरी व्यापारियों को भी निर्देश दिए कि वे शहर के पेवर ब्लॉक पर अपने ठेले न लगाएं. नगर परिषद के अधिकारियों का कहना है कि इससे आवागमन बाधित होता है और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचता है.

प्रभारी मंत्री आज आएंगे मऊगंज

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 6 जुलाई, मऊगंज जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पशुपालन एवं डेयरी विभाग 7 जुलाई को एक दिवसीय प्रवास पर मऊगंज आयेंगे.

मंत्री श्री पटेल 6 जुलाई को भोपाल से रात 10 बजे रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से प्रस्थान कर 7 जुलाई को सुबह 7.55 बजे रीवा पहुंचेगे. प्रभारी मंत्री सर्किट हाउस रीवा में अल्प विश्राम के बाद सुबह

9.30 बजे रीवा से कार द्वारा प्रस्थान कर सुबह 10.30 बजे ग्राम फूलदेवास पहुंचेगे. प्रभारी मंत्री फूलदेवास में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल के निवास पहुंचकर उनकी दिवांगत माता जी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे. प्रभारी मंत्री सुबह 11.30 बजे ग्राम देवास से प्रस्थान कर इंदौर के लिए प्रस्थान करेंगे.

5 साल का मेंटेनेंस, फिर भी बदहाल सड़क

नवभारत न्यूज

चाकघाट 06 जुलाई। सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच कितना बड़ा अंतर हो सकता हैए इसका उदाहरण खटियादृपरसादा मार्ग है। लगभग 1ण्95 किलोमीटर लंबी यह सड़क अभी भी पांच वर्षीय मेंटेनेंस अवधि में हैए लेकिन पिछले करीब एक वर्ष से इसकी हालत बेहद खराब बनी हुई है।

सड़क पर जगह.जगह बड़े.बड़े गड्ढे हो चुके हैं और बरसात में इनमें पानी भर जाने से हादसों का खतरा कई गुना बढ़ गया है ।सबसे हैरानी की बात यह है कि सड़क का मेंटेनेंस अनुबंध 16 अक्टूबर 2026 तक प्रभावी है। यानी गारंटी और रखरखाव अवधि समाप्त होने में अब महज लगभग तीन महीने शेष हैंए लेकिन जिम्मेदार विभाग और ठेकेदार की ओर से सड़क को दुरुस्त करने के लिए कोई ठोस पहल दिखाई नहीं दे रही है।

हजारों छात्रों एवं ग्राम वासियों की जिंदगी दांव पर-इसी मार्ग पर सोहागी पब्लिक स्कूल संचालित हैए जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं पहुंचते हैं। स्कूल बसेंए ऑटोए निजी वाहन और ग्रामीणों के दोपहिया.चारपहिया वाहन इसी सड़क से गुजरते हैं। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से यह समझ पाना मुश्किल हो जाता है कि सड़क कहां है और गड्ढा कहां। ऐसे में बच्चों सहित हर राहगीर की जान जोखिम में बनी रहती है।

बोर्ड पर वादेए जमीन पर बदहाली-सड़क किनारे लगे विभागीय बोर्ड के अनुसार यह मार्ग मध्य प्रदेश ग्रामीण संपर्कता कार्यक्रम के तहत बनाया गया था। निर्माण और पांच वर्ष के रखरखाव का कार्य क्लासिक इन्फ्रास्ट्रक्चरए पडरा ;रीवाद्ध को सौंपा गया। बोर्ड में स्पष्ट रूप से गड्ढों की मरम्मतए सड़क किनारे नालियों का संधारणए शोल्डर सुधारए पुल.पुलियों का रखरखाव और आवश्यकतानुसार मरम्मत का उल्लेख है।

पांच वर्षों के संधारण के लिए 4ण्95 लाख रुपये का वित्तीय प्रावधान भी किया गया है। इसके बावजूद सड़क की वर्तमान स्थिति विभागीय दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

पहले भी कई बार छप चुकी है खबरए फिर भी नहीं जागा विभाग-इस सड़क की बदहाली कोई नई बात नहीं है। विभिन्न समाचार पत्रों में पूर्व में भी कई बार इस मार्ग की खराब स्थिति और मेंटेनेंस में लापरवाही को लेकर समाचार प्रकाशित हो चुके हैं। खबरें प्रकाशित होने के बाद भी संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचकर स्थायी समाधान नहीं कर पाए। नतीजा यह है कि सड़क लगातार और अधिक जर्जर होती चली गई।

क्या गारंटी खत्म होने का इंतजार-ग्रामीणों एवं विद्यालय प्रशासन का आरोप है कि अब मेंटेनेंस अवधि समाप्त होने में केवल तीन महीने शेष हैंए लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग सड़क की मरम्मत कराने के बजाय गारंटी अवधि समाप्त होने का इंतजार कर रहा है। यदि ऐसा है तो यह सरकारी धन और जनता के हितकृदोनों के साथ गंभीर लापरवाही मानी जाएगी।

मऊगंज में स्वच्छता को लेकर शहर में निकाली जा रही रैली

भैरवनाथ मंदिर परिसर में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे, खुलेगी पुलिस चौकी

नवभारत न्यूज

गुढ़, 6 जुलाई, गुढ़ क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक भैरवनाथ मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं.

अब मंदिर परिसर सीसीटीवी कैमरों से सुसज्जित होगा. साथ ही सौर ऊर्जा संयंत्र, पुलिस चौकी और पार्किंग व्यवस्था भी विकसित की जाएगी. भैरव बाबा मंदिर समिति की बैठक रीवा संसदीय क्षेत्र के सांसद जनार्दन मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक

नागेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई.

17 सदस्यीय समिति की बैठक में मंदिर परिसर के समग्र विकास और बेहतर प्रबंधन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा अनेक प्रस्तावों पर सहमति बनी. बैठक में मंदिर परिसर में पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, पौधों की सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था, सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति, पार्किंग की समुचित व्यवस्था, पुजारियों की नियुक्ति तथा रात्रिकालीन नियमित पुलिस गश्त सुनिश्चित करने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. समिति ने इन कार्यों को आगामी 15 अगस्त तक पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए. बैठक में सांसद जनार्दन मिश्रा, विधायक नागेन्द्र सिंह, भाजपा जिला मंत्री बाबूलाल यादव, भाजपा मंडल गुढ़ अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता, एसडीएम सुधाकर सिंह, तहसीलदार अरुण कुमार यादव, अभियंता के.के. गर्ग, डॉ. अभिषेक गोस्वामी, विवेक दुबे, जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी, वन परिक्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी शैल यादव, मुख्य नगर परिषद अधिकारी मोहित शुक्ला मौजूद रहे.

मऊगंज में स्वच्छता को लेकर नगर परिषद ने निकाली रैली

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 6 जुलाई, नगर परिषद मऊगंज ने शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया. अभियान के दौरान नगर परिषद के अधिकारियों ने स्थानीय व्यापारियों से स्वच्छता नियमों का पालन करने की अपील करते हुए प्रत्येक दुकान पर दो डस्टबिन रखना अनिवार्य बताया.

इनमें हरे रंग का डस्टबिन गीले कचरे तथा नीले रंग का डस्टबिन सूखे कचरे के लिए उपयोग किया जाएगा. नगर परिषद ने स्पष्ट किया है कि जिन दुकानों पर निर्धारित दो डस्टबिन नहीं पाए जाएंगे, उनके संचालकों के विरुद्ध आर्थिक जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी. अधिकारियों ने कहा कि कचरे का स्त्रोत पर ही पृथक्करण शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और सभी व्यापारियों को इसमें सहयोग करना चाहिए. अभियान के दौरान सड़क किनारे पेवर ब्लॉक के ऊपर सब्जी के ठेले लगाने वाले व्यापारियों को भी सख्त चेतावनी दी गई. नगर परिषद ने निर्देश दिए कि सभी ठेले पेवर ब्लॉक से नीचे निर्धारित स्थान पर लगाए जाएं. यदि कोई भी व्यक्ति पेवर ब्लॉक पर ठेला लगाता हुआ पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध भी नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा. इस अवसर पर नगर परिषद के प्रभारी सीएमओ संतोष सिंह गहरवार एवं नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल ने स्थानीय व्यापारियों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की.

उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक और व्यापारी की सामूहिक जिम्मेदारी है. सभी के सहयोग से ही मऊगंज को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर बनाया जा सकता है. इस अभियान में नगर परिषद के कर्मचारी, स्थानीय व्यापारी तथा अन्य नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. नगर परिषद ने संकेत दिए हैं कि आगामी दिनों में स्वच्छता नियमों के पालन को लेकर नियमित निरीक्षण किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी. जुर्माना किया जायेगा.

विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास का दिया गया मार्गदर्शन

नवभारत न्यूज

गुढ़, 6 जुलाई, शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ़ में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु मार्गदर्शन देना था. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार तिवारी ने की. अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी. उन्होंने कहा, 'शीशा बनकर रहोगे तो सिर्फ निहारने में काम आओगे, पत्थर बनकर तराशे जाओगे तो भगवान बन जाओगे. अब तुम्हें तय करना है कि तुम क्या बनना चाहते हो.' उन्होंने विद्यार्थियों से चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करते हुए सफलता की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया. कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रेखा मिश्रा की उपस्थिति रही.

उन्होंने अपने सरल, प्रेरक एवं व्यवहारिक उद्बोधन के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य के प्रति गंभीरता से सोचने तथा सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया. कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. व्यास नारायण मिश्र ने कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन किया. उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, समय के सदुपयोग, अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम के महत्व को समझाया.

चाकघाट रोगी कल्याण समिति का पैसा कहां जाता है!

नवभारत न्यूज

चाकघाट, 6 जुलाई, नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाकघाट में रोगी कल्याण अमित के नाम पर रोगियों से लिया जाने वाले धन राशि का कोई भी हिसाब सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है.

बताया गया है कि एक लंबे समय से अस्पताल में उपचार हेतु आने वाले रोगियों से पर्ची के नाम पर 10 रुपए एवं भर्ती होने वाले रोगियों से 20 लिए जाते हैं. आरोप है कि इस पैसों को रोगी कल्याण समिति के खाते में नियमित रूप से जमा नहीं किया जाता प्रतिदिन की यह राशि किसके पास रहती है यह अभी भी रहस्य बना हुआ है. सूत्रों ने बताया है कि इस राशि को प्रभारी जी द्वारा अपने पास रखा जाता है और कभी-कभार ही उसे खाते में दर्ज कराया जाता है.

इस राशि से अस्पताल की छोटी मोटी समस्याओं के निदान एवं आवश्यकताओं के लिए राशि खर्च की जा सकती है और इन सब कार्यों के लिए रोगी कल्याण समिति की बैठक में प्रस्ताव लाना चाहिए लेकिन एक लंबे समय से चाकघाट की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित नहीं की जा रही है ।यहां के कर्मचारियों से जब संदर्भ में पूछताछ की जाती है तब वे चुप्पी साध लेते हैं अथवा कहते हैं कि यहां के प्रभारी डॉ.नीरज चतुर्वेदी जी ही इसके बारे में बता पायेंगे. डा. नीरज चतुर्वेदी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से जब इस संदर्भ में चर्चा हुई तो उन्होंने बताया रोगी कल्याण समिति का हिसाब विधानसभा में भेज दिया जाता है.

आश्चर्यजनक बात यह है कि चाकघाट के रोगी कल्याण समिति का छोटा सा हिसाब भी मध्य प्रदेश की विधानसभा में भेजा जाता है. जबकि रोगी कल्याण समिति की बैठक में इसे प्रस्तुत नहीं किया जाता और न हीं सूचना के अधिकार के तहत इसकी जानकारी दी जाती है.

साइबर जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दिए गए सुरक्षा के टिप्स

नवभारत न्यूज

गुढ़, 6 जुलाई, साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए गुढ़ पुलिस द्वारा आज पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में रीवा (डीएसपी) हिमाली पाठक मुख्य रूप से उपस्थित रहीं.

उनके साथ गुढ़ थाना प्रभारी शैल यादव एवं थाना स्टाफ के अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आज के डिजिटल युग में थोड़ी सी लापरवाही भी लोगों को साइबर

ठगी का शिकार बना सकती है. इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सतर्क रहना आवश्यक है.

गुढ़ पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी लिंक, संदिग्ध कॉल, ओटीपी धोखाधड़ी और सोशल मीडिया से जुड़े साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. अधिकारियों ने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपने बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी अथवा अन्य गोपनीय जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए. लगभग दो घंटे तक चले इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

कई छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार उनके परिवार के सदस्य साइबर ठगी का शिकार होने से बचे. छात्रों ने पुलिस अधिकारियों से साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रश्न भी पूछे, जिनका विस्तार से उत्तर दिया गया. गुढ़ पुलिस ने सभी विद्यार्थियों और नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार का संदिग्ध संदेश, कॉल या ऑनलाइन गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत सतर्क हो जाएं. यदि किसी के साथ साइबर ठगी होती है या उसका प्रयास किया जाता है, तो तत्काल गुढ़ थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराएं.

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया और पुलिस द्वारा दी गई जानकारी को अपने परिवार एवं समाज तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया.

शातिर चोर गिरफ्तार, पांच मोटरसाइकिलें बरामद

सिरमौर 06 जुलाई। पुलिस अधीक्षक रीवा डॉ गुरकरन सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के निर्देशन व श्रीमान एसडीओपी सिरमौर प्रतिभा शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिरमौर दीपक तिवारी एवं पुलिस टीम द्वारा एक शातिर मोटरसाइकिल चोर को मुखबिर सूचना पर गिरफ्तार किया गया।

आरोपी के कब्जे से 05 अदद चोरी किए गए मोटरसाइकिल वाहन बरामद किया जाकर आरोपी कोन्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।